# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412–270555 फैक्स नं. 07412–270556
Email- commratlam@mpurban.gov.in Website- www.rmcratlam.in


क्रमांक/491/सा0प्र0/2022 दिनांक 5–4–2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 5–4–2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :–

1– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0का0पा0 यंत्री,
2– श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0स0यंत्री
3– श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
4– श्री एस0पी0 आचार्य,
5– श्री राजेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री
6– श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
7– श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
8– श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
9– श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री
10– सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
11– श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी–3,
12– श्री धर्मेन्द्र दोगाया, जोन प्र0 –2
13– श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी –1
14– श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी –4
15– श्री पर्वत हाड़े,
16– श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग–2
17– श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग–3
18– श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
19– श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
20– श्री महेश व्यास, स0रा0नि
21– श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग–3
22– श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग–3
23– श्री मुकेश मेहता
24– श्री चन्दरसिंह
25– श्री वासुदेव बैरागी
26– श्री विराट मेहरा
27– श्री सोरभ काला,
28– श्री कुलदीप भट्ट
29– श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़
30– श्री मनोज टांक
31– श्री मोईनुद्दीन
32– श्री राहूल नागर एच0एम0एस0 सदस्य
33– श्री शशांक पाण्डेय एच0एम0एस0 सदस्य

बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

1– निर्माण कार्यो में ट्रीटेट पानी का ही उपयोग किया जाना है, अतः समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमण करें, देखें कि उनके क्षेत्र में कहां–कहां निजी ट्यूबवेल धारक निर्माण कार्यो हेतु पानी का विक्रय कर रहे है, उन्हे सूचीबद्ध करें, टैंकर से पानी विक्रय किया जा रहा है तो उन्हे नियमानुसार जप्त करें ऐसे ट्यबवेल वालो का नियमानुसार पंचनामा बनाया जाकर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही करें, जहां–जहां निर्माण कार्य चल रहे है, वहां चेक करें, दिनांक 6–4–22 की बैठक में तत्संबंधी की गई कार्यवाही की जानकारी के साथ उपस्थित हो । निरीक्षण के दौरान ऐसा पाया जाने पर संबंधित उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी)

Scanned with CamScanner

2— आगामी दिनों में जी0एफ0सी0 सर्वे होगा, इस हेतु सर्वे के मापदण्ड अनुसार जो तैयारी की जाना है, उन्हे अच्छी तरह से देखे, समझे एक–एक बिन्दु पर कार्यवाही करें, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी । बैठक समाप्ति के पश्चात कार्य प्रारंभ करें ।

(कार्यवाही – श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

3— खुले में शोच, पैशाब करने वालो पर अधिकारी, कर्मचारी नजर रखे, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें, खुले में कचरा फैकने वालो पर स्पाट फाईन करें, सड़के साफ हो, कचरा नहीं हो, नाले, नालियां साफ रहे चाक नहीं हो । ।

(कार्यवाही –समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी)

4— दिनांक 6, 7 एवं 8–4–22 (बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार) पूरे शहर में अभियान के रूप में विशेष सफाई कराई जावे, 3 दिनों में पूरा शहर साफ करा लिया जावे, कहीं भी ड्राय/वेट वेस्ट आदि नहीं दिखें ।

(कार्यवाही – श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

5— समस्त नोडल अधिकारी अपने अपने वार्ड क्षेत्र में कितने–कितने घर है उसकी जानकारी संपत्तिकर विभाग या अन्य शाखा से जानकारी प्राप्त कर दिनांक 6–4–22 की बैठक में जानकारी सहित उपस्थित हो । अवैध कालानियों के भवनो की जानकारी श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री देवे ।

(कार्यवाही – श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

6— दिनांक 6–4–22 की बैठक अलकापूरी कम्यूनिटी हाल में होगी इसमें समस्त दारोगा भी उपस्थित रहेगें, दारोगाओ को जोन प्रभारी सूचित करें ।

(कार्यवाही – श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

7— दिनांक 6–4–22 की बैठक संबंधी समस्त बिन्दुओ/कार्यवाही का प्रेजेन्टेशन तैयार करें, बल्क वेस्ट जनरेटर की कम्पोस्ट पीट को नियमित रूप से चेक करें ।

(कार्यवाही–एच0एम0एस0टीम)

स्वच्छ सर्वेक्षण कार्य समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सामुहिक जिम्मेदारी है, जो कमियां दिखे उसे पूरी करावें, नियमित रूप से की जा रही समीक्षा बैठक के अन्य बिन्दुओ पर समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने दायित्वों का करें, समीक्षा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों को ध्यान से सुने, नोट कर पालन करना सुनिश्चित करें ।

कार्यवाही विवरण नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध है ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम

पृ0क्र0/491/सा0प्र0/2022 दिनांक 5–4–2022

प्रतिलिपि :–

1— कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।

2— सर्व संबंधित श्री ——————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

5/4/22

आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम

Scanned with CamScanner